खेतो का बिजली शेड्यूल बदलने से किसान नाराज ,धुप में सिंचाई से फसले हो रही खराब

नवभारत न्यूज

मारुड (पांढुरना), म प्र पुर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 28 अप्रैल से खेतो मे बिजली वितरण का सेड्युल बदल कर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं रात्री 12.30 से 4.30 बजे तक कर दिया गया है ,तेज धुप और गर्मी मे सिंचाई करने से जहा खडी फसल को भारी नुकसान हो रहा है वही मध्य रात्री की सिंचाई से किसानो के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड रहा है ,बदले हुऐ शेड्यूल से बिजली विभाग के प्रती किसानो मे भारी रोष व्याप्त है ।

स्थानीय किसानो के अनुसार दोपहर के समय तेज धुप मे तापमान अपने चरम पर होता है ऐसे समय मे सब्जी - भाजी की फसल एवं फुलो को पानी देने से न केवल उत्पादन कम होता है बल्कि जड से पुरी पौधे खराब होते है , जमीन गरम होने के कारण पौधो मे सडन लग जाती है और तेजी से फल फुल गलने लगते है । तेज धुप मे पानी की बुंदे पत्तो पर एक लेंस की तरह काम करती है जिससे पत्तीया ,फल और फुल झुलस जाते है ,अत्याधिक गर्मी के कारण सिचाई का अधिकांश पानी जडो तक पहुच ने से पहले ही भाप बनकर उड जाता है , वही लगातार धुप मे पानी देने से मिट्टी की संरचना खराब होकर सक्त हो जाती है जिससे जमीन मे हवा का संचार कम होता है इन कारनो से फसले खराब हो जाती है और किसानो की मेहनत पर पानी फिर जाता है।

रात की सिंचाई से किसानो के स्वास्थ्य पर हो रहा बुरा असर

हालाकी रात को सिंचाई करने से वाष्पीकरण कम होता है पानी की बचत होती है लेकीन मध्य रात्री 12 .30 से 4 .30 के बिच सिंचाई का समय किसानो के लिऐ न केवल असुविधाजनक है बल्कि स्वास्थ्य के लिऐ ठिक नही है , रात को पुरी नींद न होने से किसान अगले दिन खेत मे अन्य काम ठिक से नही कर पा रहे है।

सुबह 4.30 से 10 बजे तक एवं शाम 6 बजे से रात्री 10 बजे तक मिले बिजली

यहा का किसान पहले ही संतरे की गलन से परेशान है अब बिजली विभाग की मनमानी से और परेशान होने लगा है। किसान विनोद गावंडे,मुरलीधर बरडे,पुरुषोतम कडु सहीत अनेक किसानो ने सुबह 4 से 10 बजे तक 6 घंटे एवं शाम 6 बजे से रात्री 10 बजे तक 4 घंटे पुर्ववत दो पाली मे 10 घंटे सिंचाई के लिऐ बिजली देने की मांग मप्र पुर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से की है।

शेंडे सिविल राइटस प्रोटेक्षन सेल के प्रदेश अयक्ष नियुक्त

नवभारत न्यूज सौसर।ग्राम जाम निवासी शिक्षक एवं र्प्रखर चिंतक एस आर शेंडे को सिविल राइटस प्रोटेक्षन सेल मध्यप्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मिलिंद जीवने शाक्य ने की। इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्श का माहौल है।निर्धन परिवार से निकलकर जीवन की शुरूआत करनेवलो श्री शेंडे ने अपने संघर्ष, सादगी और लेखनी के दम पर समाज में अलग पहचान बनाई। वे सर्वधर्म समभाव और बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के विचारों को आगे बढाते रहे है। श्री शेडें को वर्ष 1993 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा डॉ आम्बेडकर फेलोशिप से सम्मानित किया जा चूका है। उन्होने करीब 40 वर्षो तक शासकीय सेवा में रहते हुये कई सामाजिक व शैक्षणिक संगठनों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारीयां निभाई। वे पिछलें 50 वर्षो से लेखन व साहित्य सेवा में सक्रिय है और आकाशवाणी से उनके काव्यपाठ भी प्रसारित हो चुके है। श्री शेंडे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने भाजपा की बैठक हुई सम्पन्न

नवभारत न्यूज पिपला नारा.वार। रविवार को पिपला मंडल की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में नये बूथों के नियुक्तियों को अंतिम रूप देने के साथ-साथ शक्ति केन्द्र स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की रणनीति पर गहन मंथन किया गया। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया गया। संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिससे कार्यकर्ताटों में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले, जिला उपाध्यक्ष दीपक कामडे, प्रीतम राऊत, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाटोडे, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष खेमराज सोनेकर, मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, सुरेश कोठे, कैलाश पालीवाल, नरेन्द्र ठोंबरे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूती, समन्वय और सक्रियता पर बल देते हुये कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों के लिये तैयार रहने का संदेश दिया।

एक नजर में

अवैध शराब बेच रहा युवक पकड़ाया

मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम मालेगांव में अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक को पुलिस ने पकड़ कर उसके पास बेचने के लिए संग्रहित कर रखी अवैध शराब बरामद की है। थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मालेगांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है।ग्राम में एक व्यक्ति अपनी दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक एम एल गुप्ता, प्रधान आरक्षक गजराज, सुशील धुर्वे, दिनेश बर्डे, आरक्षक अरविंद ,विवेक,कमलेश और छाया की टीम के साथ बताए गए स्थान पर दबिश दी ।दबिश के दौरान दुकान संचालक अलकेश पिता तुकाराम मालवीय पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। टीम द्वारा दुकान की तलाशी लेने पर एक बोरी में अवैध शराब रखी हुई मिली ।बोरी में 20 पाव देशी प्लेन सफेद मदिरा (प्रत्येक 180 एमएल) और10 पाव देशी लाल शराब (प्रत्येक 180 एमएल) में संग्रहित कर रखी हुई थी। इस स्थिति में तीन हजार 200 रुपए कीमत की कुल 30 पाव (लगभग 5 .4 लीटर) अवैध शराब बरामद की गई।वही आरोपी अलकेश मालवीय निवासी ग्राम मालेगांव के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

सट्टा पट्टी काट रहा युवक धराया

मुलताई। नगरीय सीमा से सटे ग्राम कामथ में सट्टा पट्टी काट रहा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिजली ऑफिस के पास कामथ क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पर्ची लिख रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रधान आरक्षक सुशील धुर्वे , आरक्षक अरविंद और विवेक मौके पर पहुंचे। जहां रमेश पिता सेवाराम वामनकर, उम्र 40 वर्ष, निवासी चिखलीखुर्द सट्टा पट्टी काटते हुए मिला। पुलिस टीम ने आरोपी रमेश को पकड़कर उसके पास से सट्टा पर्ची और नगद 560 रुपये जप्त किए।थाना प्रभारी श्री परिहार ने बताया आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

परीक्षा : बैतूल में छह केंद्रों पर आयोजित हुई नीट की परीक्षा

बैतूल। मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश के लिए सबसे बड़ी नीट की परीक्षा रविवार को दोपहर 2 बजे से शुरू हुई। इस परीक्षा में बैतूल शहर और बैतूल बाजार में कुल छह परीक्षा केंद्रों पर लगभग 2500 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस ने सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। परीक्षा केंद्रों में गर्ल्स एमएलबी स्कूल गंज, गर्ल्स कॉलेज, पीएम श्री कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय बैतूल, एमएलबी हायर सेकेंडरी स्कूल और संदीपनी स्कूल बैतूल बाजार शामिल थे। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू हो गया था। प्रवेश से पहले पुलिस कर्मियों ने दस्तावेजों की गहन जांच की और मेटल डिटेक्टर से स्क्रीनिंग के बाद ही छात्रों को परिसर में प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन ने परीक्षा की निगरानी के लिए मकसूद अहमद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

उन्होंने बताया कि सभी छह केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात किया गया था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने भी प्रत्येक केंद्र पर दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए। परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन ने सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरती। उल्लेखनीय है कि नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) देशभर में एमबीबीएस, बीडीएस सहित अन्य मेडिकल और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली एक प्रमुख परीक्षा है। इसके माध्यम से सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में सीटों का आवंटन किया जाता है, जिससे यह देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक है।

छिंदवाड़ा की बेटियों के द्वारा इतिहास रचने पर सांसद ने किया सम्मान

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा निर्मित नवीन बास्केटबॉल ग्राउंड की अत्याधुनिक सुविधाओं और जिला बास्केटबॉल संघ के कुशल प्रबंधन ने छिंदवाड़ा के खेल जगत में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। छिंदवाड़ा की बेटियों की बास्केटबॉल टीम ने न केवल जबलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में फाइनल जीतकर परचम लहराया, बल्कि केंद्रीय विद्यालय वेस्ट जोन रीजनल में पहली बार फाइनल विजेता बनने का ऐतिहासिक गौरव भी हासिल किया है।

हत्या करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

बैतूल। सांईखेड़ा थाना क्षेत्र में हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अज्ञात के खिलाफ दर्ज केस में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी कविता साहू ने 2 मई 2026 को अपने भाई गुरुदेव साहू की मारपीट कर हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई। थाना प्रभारी भैयालाल उइके टीम के साथ ग्राम गौला पहुंचे और घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल टीम व डॉग स्क्वॉड की मदद से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर गौला निवासी चेतन गोस्वामी और गुड़ी निवासी संदीप कवड़े को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय मुलताई में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक गुरुदेव साहू और आरोपी चेतन गोस्वामी के बीच कृषि सामान को लेकर पुराना विवाद था। 1 मई को दोनों आरोपी मृतक के खेत पहुंचे, जहां कहासुनी के बाद विवाद मारपीट में बदल गया। चेतन ने लकड़ी से हमला किया, जबकि संदीप ने उसे पकड़ रखा था। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना को छिपाने के लिए आरोपियों ने शव को मोटरसाइकिल से खलिहान तक ले जाकर उस पर पानी डालकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। पुलिस अब घटना में प्रयुक्त बाइक और लकड़ी की बरामदगी में जुटी है।

जनगणना 2027 के तहत किया जा रहा मकान गणना कार्य

बैतूल। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तर से अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट द्वारा जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानों की गणना का कार्य पूरी कर्मठता से कराया जा हैं। अपर कलेक्टर जाट द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग और फील्ड टीम के उत्साहवर्धन से मैदानी अमले में भी ऊर्जा और उत्साह का प्रवाह हुआ है। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि सुबह से प्रगणक अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में घूम घूमकर कार्य कर रहें हैं। पर्यवेक्षक अपने प्रगणक दल के साथ उनकों तकनीकी और मैदानी सहयोग के लिए उपस्थित हैं। विदित हो कि वर्तमान में 21 चार्ज के लगभग 2800 गणना ब्लॉकों के लिए करीब 2400 प्रगणकों द्वारा फील्ड में नजरी नक्शा तैयार करने एवं मकान नंबरिंग के उपरांत एचएलओ ऐप में मकानों की गणना संबंधी प्रविष्टियों का कार्य किया जा रहा है। लगभग 400 पर्यवेक्षकों द्वारा प्रगणकों के कार्य का सत्यापन करते हुए फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

स्कूटी में अचानक आग लगने से मची अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज सौसर।

शहर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब राजेश किसन पाल की खडी स्कूटी में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुये आग बुझाने का प्रयास किया। जिससे बडा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश पाल की स्कूटी खडी थी, तभी अचानक उसमें से धुआ उठने लगा और देखते ही देखते आग भडक उठी। आग लगने की आशंका शॉर्ट सर्किट के कारण जताई जा रही है। मौके पर उपस्थित आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया,

हालाकि, स्कूटी को काफी नुकसान हुआ है लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नही हुई। वही दुसरी ओर प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि, वाहन खडा करते समय उसकी नियमित जांच करे और किसी भी तरह की खराबी नजर आने पर तुरंत सुधार करवाये, ताकि, इसतरह की घटनाओं से बचा जा सके।

8 मई को थैलेसीमिया दिवस पर निकलेगी जागरूकता रैली

बैतूल। आगामी 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर शहर में जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस संबंध में मां शारदा सहायता समिति द्वारा नेहरू पार्क में शाम 5 बजे बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। समिति के मीडिया प्रभारी संदीप सोलंकी ने जानकारी बताया कि 8 मई को प्रात: 7 बजे कारगिल चौक से जिला अस्पताल तक रैली निकाली जाएगी। रैली में समिति के सदस्यों के साथ-साथ नागरिकों की भी भागीदारी रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता पहुंचाई जा सके। बैठक को संबोधित करते शैलेन्द्र बिहारिया ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक रक्त विकार है, जो सीधे तौर पर हीमोग्लोबिन के निर्माण को प्रभावित करता है। भारत में हर साल बडी संख्या में बच्चे थैलेसीमिया के साथ जन्म लेते हैं, इसलिए इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। समय पर जांच और सही जानकारी से इस बीमारी की रोकथाम संभव है। बैठक में थैलेसीमिया से पीडित बच्चों का सम्मान करने, रक्तदान को बढावा देने तथा जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक रूप देने जैसे कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे गए।

शहर में चोरों का आतंक, चार घरों में लगाई सेंध

नागपुर. शहर में सेंधमारों ने आतंक मचा रखा है. आए दिन चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं. बीते 2 दिनों में चोरों ने 4 घरों में सेंध लगाकर लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया. वाठोड़ा थानांतर्गत बहादुरा टीचर्स कॉलोनी में रहने वाली रीना लालबहादुर विश्वकर्मा (27) विगत 29 अप्रैल की रात 9 बजे अपने घर पर ताला लगाकर सहेली के घर मनीषनगर गई थी. इसी बीच अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया. बेडरूम की अलमारी से 2.70 लाख रुपये नकद और सोने के जेवरात सहित 3.66 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया. रात 2.30 बजे घर लौटी तो चोरी का पता चला. दूसरी घटना दिनदहाड़े जरीपटका थाना क्षेत्र में हुई. पुलिस ने नागार्जुन कॉलोनी निवासी दिनेश देवराव राऊत (42) की शिकायत पर मामला दर्ज किया. गुरुवार की दोपहर 12 बजे दिनेश अपने घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ विवाह समारोह में हिस्सा लेने कलमेश्वर गए थे. इसी बीच अज्ञात आरोपी ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया. अलमारी का लॉकर तोड़कर नकद 60,000 रुपये, सोने के जेवरात, घड़ी और लैपटॉप सहित 2.31 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया. इसी दौरान चोरों ने पड़ोस में रहने वाले धर्मेंद्र बनसोड (26) के घर में सेंध लगाई. ताला तोड़कर अलमारी से 1.26 लाख रुपये के जेवरात चोरी किए. शाम 4 बजे दिनेश घर लौटे तो चोरी का पता चला. जांच करने पर पड़ोसी बनसोड के घर का भी ताला टूटा दिखाई दिया. एक और वारदात जरीपटका थानांतर्गत गौतमनगर के राजनंदिनी लेआउट में हुई. पुलिस ने श्रीराम भूषण खोब्रागड़े (80) की शिकायत पर मामला दर्ज किया. खोब्रागड़े बीते गुरुवार की सुबह घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ विवाह समारोह में हिस्सा लेने गड़चिरोली गए थे. इसी बीच चोरों ने ताला तोड़कर बेडरूम में प्रवेश किया. अलमारी से 70,000 रुपये नकद और सोने के जेवरात सहित 3.20 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया. शुक्रवार को परिवार घर लौटा तो चोरी का पता चला. सभी घटनाओं में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ की है.

10 सहायक आयुक्तों को 'कारण बताओ' नोटिस

अवैध होर्डिंग्स पर मनपा सख्त, हाई कोर्ट में हलफनामा दायर

- अवैध होर्डिंग्स लगाने वाले 131 लोगों को नोटिस

-807 आरोपी हैं लापता

नागपुर. शहर की सुंदरता को बिगाड़ने वाले अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर्स के खिलाफ महानगरपालिका ने कड़ा रुख अपनाया है. हाई कोर्ट में चल रही अवमानना याचिका के संबंध में मनपा आयुक्त डॉ. विपिन इटनकर ने विस्तृत हलफनामा दायर कर शहर में की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया. अवैध विज्ञापनों पर नकेल कसने में लापरवाही बरतने पर मनपा ने अपने ही 10 जोन के सहायक आयुक्तों को 'कारण बताओ' नोटिस जारी कर दिया है. उल्लेखनीय है कि अवैध होर्डिंग्स को लेकर हाई कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किए जाने के कारण दिनेश नायडू की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई. याचिकाकर्ता की अधि. तुषार मंडलेकर ने पैरवी की.

नाम और पता-ठिकाना ढूंढ रही मनपा

मनपा आयुक्त द्वारा अदालत को दी गई जानकारी के अनुसार, 12 दिसंबर 2025 के बाद शहर में अवैध बैनर और होर्डिंग लगाने वाले 131 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं. हालांकि प्रशासन के सामने एक बड़ी समस्या यह है कि 807 अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों का नाम और पता-ठिकाना मनपा के जोनल कार्यालयों को तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं मिल पाया है जिसके कारण उन्हें नोटिस तामील नहीं किए जा सके.

अधिकारियों पर गिरी गाज, 3 दिन का अल्टीमेटम

- कोर्ट के आदेशों की अवमानना और अपनी वैधानिक ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में मनपा के उपायुक्त मिलिंद मेश्राम ने 12 मार्च 2026 को जोन-1 से लेकर जोन-10 तक के सभी वार्ड अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस थमा दिए हैं.

-इन नोटिसों में स्पष्ट रूप से अधिकारियों को फटकार लगाई गई है कि वे सार्वजनिक संपत्ति विद्रूपीकरण अधिनियम 1995 के तहत स्वद्धक्रदर्ज करने, होर्डिंग हटाने का खर्च और जुर्माना वसूलने में विफल रहे हैं.

-साथ ही, दैनिक रूप से के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. सभी अधिकारियों को 3 दिन के भीतर जवाब पेश करने का आदेश दिया गया है, अन्यथा उन्हें हाई कोर्ट की अवमानना का जिम्मेदार मानकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

रात के अंधेरे में लगते हैं अवैध होर्डिंग, पुलिस से मदद की गुहार

हलफनामे में इस बात पर जोर दिया गया है कि आमतौर पर शहर में अवैध बैनर और होर्डिंग्स रात के अंधेरे में लगाए जाते हैं, इसलिए मनपा ने पुलिस विभाग से अपील की है कि उनकी गश्ती इकाइयां रात में ऐसे कृत्य करने वालों पर सीधे नजर रखें .

- मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार सुनिश्चित करेगी कि दोषी को मृत्युदंड की सजा मिले

नहीं बख्शा जाएगा नरसापुर का नराधम

नागपुर, निज संवाददाता. पुणे के भोर तहसील के नरसापुर गांव में 65 वर्षीय एक नराधम द्वारा 4 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर बेरहमी से हत्या कर दी गई. इससे पूरे इलाके में आक्रोश पसरा हुआ है और दोषी को चौराहे पर फांसी से लटकाने की मांग की जा रही है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और इस घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस खुद ही नजर रखे हुए हैं. उन्होंने नागपुर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैंने पीड़ित लड़की के पिता से बातचीत की. हमने तय किया है कि दोषी को कानून के अनुसार मृत्युदंड दिलाने का प्रयास किया जाएगा. किसी भी कीमत पर आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा. इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाएगी. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों की भावना होती है कि ऐसे अपराधी को सार्वजनिक रूप से कड़ी सजा दी जाए लेकिन कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई की जा सकती है. राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि दोषी को मृत्युदंड मिले.

पीड़ित परिवार के साथ खड़े

सीएम ने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं. बच्ची के पिता को एक पत्र भी भेजा गया है. नागरिकों का गुस्सा स्वाभाविक है लेकिन कुछ स्वार्थी तत्व लोगों के गुस्से की आड़ में अपना हित साधने का प्रयास कर रहे हैं. पुणे के पुलिस आयुक्त ने उचित कदम उठाया है. कुछ लोग उन्हें घटनास्थल तक जाने नहीं दे रहे थे. हालांकि ऐसे लोगों पर किसी तरह की कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है. हम पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं. आरोपी के पुराने अपराधों की भी गहन जांच की जा रही है और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वह किसी भी तरह बच न सके.

हमें सीख न दे विपक्ष

सीएम ने विपक्षी दल के नेताओं के वक्तव्य पर कहा कि विपक्ष को इस मामले में हमें सीख देने की आवश्यकता नहीं है. जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कैसा काम किया यह सभी जानते हैं. 'कैश फॉर वोट' जैसे मामलों में शामिल रहने वाले विपक्ष को हमें सलाह देने का कोई अधिकार नहीं है. भिवापुर आग की घटना पर कहा कि तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई. बेघर हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. कुछ पशुओं की मृत्यु हुई है. प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा और अच्छा काम किया. पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने इस मामले पर गंभीरता से ध्यान दिया है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित लोगों के पुनर्वास के संबंध में निर्णय लिए जा रहे हैं.

राहुल गांधी ने किया महिला प्रतिनिधित्व का विरोध

सीएम ने सवाल किया कि राहुल गांधी को इस विषय पर बोलने का क्या अधिकार है. उनकी पार्टी कांग्रेस ने संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का विरोध किया है. जब देश के इतिहास में पहली बार महिलाओं को लोकसभा में प्रतिनिधित्व का अधिकार मिल रहा था तब उन्होंने उसका विरोध किया. महिलाओं के आरक्षण विधेयक का विरोध देश के सबसे प्रतिगामी निर्णयों में से एक माना जाएगा.

जबलपुर क्रूज हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,3 मई, संभाग मुख्यालय जबलपुर के बरगी डैम में गुरूवार को क्रूज हादसे में 11 लोगों की हुई मौत में रविवार को पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन मार्ग एक शोक सभा का आयोजन कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

बीते गुरूवार को जबलपुर के बरगी डेम में क्रूज हादसे में 11 लोग जिसमें 8 महिलाएं तथा 3 मासुम की जल समाधि बन गई, इस दुखद घटना से सभी को झकझोर कर रख दिया,रविवार को नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नगर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन मार्ग पर बस स्टैंड परिसर में एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक की आत्मा

की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। सभी उपस्थित जी ने यहां मोमबत्ती प्रज्वलित कर मौन श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से इन सभी को अपने श्री चरणों में स्थान देंने की प्रार्थना की गई,इस अवस पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।